अगस्त माह के लिये थोक मूल्य एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

प्रिलिम्स के लिये

थोक मूल्य सूचकांक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

मेन्स के लिये

थोक मूल्य सूचकांक के विभिन्न समूह, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में परिवर्तन

चर्चा में क्यों?

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office-NSO) ने अगस्त 2020 (अनंतिम) माह के लिये ग्रामीण, शहरी और संयुक्त रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (Consumer Price Index-CPI) और उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (Consumer Food Price Index-CFPI) जारी किये हैं। इसके अतिरिक्त उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग के आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा अगस्त, 2020 (अनंतिम) और जून 2020 (अंतिम) के लिये थोक मूल्य सूचकांक (Wholesale Price Index-WPI) जारी किये गए हैं।

थोक मूल्य सूचकांक (WPI)

- WPI के अनंतिम आँकड़ें देश भर में चयनित विनिर्माण इकाइयों से प्राप्त आँकड़ों के आधार पर संकलित कर प्रत्येक माह की 14 तारीख (या अगले कार्य दिवस) को जारी किये जाते हैं।
- 10 सप्ताह के पश्चात् सूचकांक को अंतिम रूप देकर अंतिम आँकड़े जारी किये जाते हैं।
- **वार्षिक WPI पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर अगस्त, 2020 के दौरान जुलाई, 2019 की तुलना में 0.16% (अनंतिम) रही, जबकि इससे पिछले वर्ष इसी माह यह 11.17% थी।**

- विभिन्न जिंस समूहों के सूचकांक में उतार-चढ़ाव:
    1. प्राथमिक वस्तुएँ (भारांक=22.6%): इस प्रमुख समूह का सूचकांक जुलाई माह के 143.7 अंक (अंतिम) से 1.81% की वृद्धि के साथ अगस्त माह में 146.3 अंक (अनंतिम) हो गया। जुलाई माह की तुलना में अगस्त माह के दौरान खनिजों (10.21 %), कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (4.72%), गैर खाद्य उत्पादों (3.06 %) और खाद्य उत्पादों (0.93%) की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई।
    2. ईंधन और बिजली (भारांक=13.15%): इस समूह का सूचकांक जुलाई माह के 90.7 अंक (अंनतिम) से 0.77% की वृद्धि के साथ अगस्त माह में 91.4 अंक (अनंतिम) हो गया। अगस्त माह में खनिज तेल की कीमतों में जुलाई माह की तुलना में 1.30% की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं कोयला और बिजली के मूल्यों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।
    3. विनिर्मित उत्पाद (भारांक=64.23%): इस सूचकांक में अगस्त माह के दौरान 0.59% की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 119.3 अंक हो गया। 11 समूहों की कीमतों में अगस्त माह के दौरान वृद्धि देखी गई, वहीं इस अवधि के दौरान 10 समूहों में गिरावट दर्ज की गई ।
    4. WPI खाद्य सूचकांक (भारांक 24.38%): इस खाद्य सूचकांक में प्राथमिक वस्तु समूह की 'खाद्य वसतुएँ' और निर्मित उत्पाद समूह के 'खाद्य उत्पाद' शामिल हैं। WPI खाद्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर जुलाई के 4.32% से घटकर अगस्त माह में 4.07% हो गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

- **मूल्य डेटा आमतौर पर चयनित 1,114 शहरी बाज़ारों और 1,181 गाँवों से सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के एक साप्ताहिक रोस्टर पर NSO के फील्ड ऑपरेशन डिविज़न के फील्ड कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत दौरे के माध्यम से एकत्रित किया जाता है।**
- अगस्त माह के दौरान NSO द्वारा 96.1% गाँवों और 96.4% शहरों से वस्तुओं के मूल्य एकत्रित किये गए।
- समय के साथ धीरे-धीरे महामारी संबंधी विभिन्न प्रतिबंध हटने और गतिविधयों की पुनः शुरुआत होने से मूल्य डेटा की उपलब्धता में भी सुधार हुआ है।
- देश में उपभोक्ताओं मध्य सामाजिक-आर्थिक विषमता को देखते हुए पहले चार उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों का प्रयोग किया जाता था-
    - औद्योगिक मज़दूरों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-IW)
    - नॉन-मैनुअल इम्प्लॉयी के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-UNME)
    - खेतिहर मज़दूरों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-AL)
    - ग्रामीण क्षेत्र के मज़दूरों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI-RL)
- वर्ष 2011-12 में सरकार द्वारा नवीन उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों की घोषणा की गई-
    - ग्रामीण बाज़ारों के लिये CPI-ग्रामीण (CPI-R)
    - शहरी बाज़ारों के लिये CPI-शहरी (CPI-U)
    - उपर्युक्त दोनों के संयुक्त आँकड़ों के आधार पर राष्ट्रीय बाजार के लिये CPI-संयुक्त (CPI-C)
- नवीन सूचकांकों को और बेहतर बनाने के लिये इनमें वर्ष 2015 में पुनः संशोधन किये गए और आधार वर्ष 2010=100 से परिवर्तित कर 2012=100 कर दिया गया।

CPI (सामान्य) और CFPI पर आधारित मुद्रास्फीति दरें (% में)

सूचकांक	अगस्त. 2020 (अनंतिम)	जुलाई 2020 (अंतिम)				
ग्रामीण	शहरी	संयुक्त	ग्रामीण	शहरी	संयुक्त	
CPI (सामान्य)	6.66	6.80	6.69	6.76	6.70	6.73
CFPI	9.11	8.82	9.05	9.47	8.99	9.27

CPI (सामान्य) और CPFI में मासिक परिवर्तन

सूचकांक	ग्रामीण	शहरी	संयुक्त						
सूचकांक मूल्य	% परिवर्तन	सूचकांक मूल्य	% परिवर्तन	सूचकांक मूल्य	% परिवर्तन				
अगस्त, 2020	जुलाई,2020	अगस्त, 2020	जुलाई, 2020	अगस्त, 2020	जुलाई, 2020				
CPI (सामान्य)	155.4	154.7	0.45	154.0	152.9	0.72	154.7	153.9	0.52
CFPI	155.7	154.9	0.52	161.6	160.1	0.94	157.8	156.7	0.0

स्रोत: पीआईबी